Rajasthan Patrika
28/12/16

# नकली आईएसआई मार्क वाला पैकेज पानी बिक्री करने का पर्दाफाश

**अहमदाबाद.** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने कठवाडा में एक फैक्ट्री छापा मारकर नकली आईएसआई मार्क वाला पैकेज पानी बिक्री करने का पर्दाफाश किया है। बीआईएस के अधिकारियों ने स्टीकर व पैकिंग माल बरामद किया।

भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारियों ने पिछले दिनों में कठवाडा में जवेरी इंडस्ट्रीज एस्टेट में एक कंपनी पर छापा मारा। यह कंपनी बगैर लाइसेंस और आईएसआई मार्क वाले पैकेज बंद पेयजल बनाती है। छापे के दौरान वहां से पैकेजबंद पेयजल का उत्पादन, पैकिंग और मार्किंग, 200 से 250 मिली के पाउच, 200 मिली पैट बोतल, पाउच बनाने में उपयोग होनेवाली पीई फिल्म के रोल तथा बोतल पर लगाए जाने वाले स्टीकर समेत माल बरामद किया। कंपनी के खिलाफ बीआईएस अधिनियम उल्लंघन का मामला दायर कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में एक वर्ष की सजा या पचास हजार रुपए जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान है।